प्राचार्य का कार्यालय, पटना दंत महाविद्यालय एवं अस्पताल, पटना।

कार्यालय आदेश

भारतीय दन्त परिषद्, नई दिल्ली के पत्रांक–3514 दिनांक–09.08.2024 के द्वारा निर्देश प्राप्त हुआ है कि दिनांक–12 अगस्त 2024 को एंटी रैगिंग दिवस और इसके उपरांत 12 अगस्त से 18 अगस्त 2024 तक एंटी रैगिंग सप्ताह मनाया जायेगा। जिसमें परिचय / एंटी रैगिंग उन्मुखी कार्यक्रम, स्लोगन और निबंध लेखन, पोस्टर मेकिंग जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करना, एंटी रैगिंग पर लोगो डिजाईन करना तथा पुरस्कार वितरण जैसे अनेक कार्यक्रम शामिल हैं।

अतः भारतीय दन्त परिषद्, नई दिल्ली के पत्रांक–3514 दिनांक–09.08.2024 की प्रति इस आदेश के साथ संलग्न करते हुए सभी विभागाध्यक्ष, पटना दन्त महाविद्यालय एवं अस्पताल, पटना से अनुरोध है कि दिनांक–12 अगस्त 2024 को एंटी रैगिंग दिवस और इसके उपरांत दिनांक–12 अगस्त 2024 से 18 अगस्त 2024 तक एंटी रैगिंग सप्ताह मनाने हेतु आपके अधीन कार्यरत दन्त चिकित्सक शिक्षक/गैर–शैक्षणिक कर्मी तथा अध्ययनरत छात्र/छात्राओं एवं ईंटर्नस को उक्त कार्यक्रम में भाग लेने का आदेश देने एवं उपरोक्त कार्यक्रम अपने–अपने विभागों में सफलतापूर्वक संचालित कराने के साथ–साथ अनुपालन प्रतिवेदन कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि भारतीय दन्त परिषद्, नई दिल्ली को अनुपालन प्रतिवेदन ससमय उपलब्ध कराया जा सके।

Tay 10/8/24

प्राचार्य
पटना दन्त महाविद्यालय एवं अस्पताल,
बॉकीपुर, पटना–04

10.08.24

ज्ञापांक 732 पटना, दिनांक 10.08.2024

प्रतिलिपि– विभागाध्यक्ष, सभी संबंधित विभाग पटना दन्त महाविद्यालय एवं अस्पताल, बॉकीपुर, पटना को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि– एंटी रैगिंग कमिटि/ एंटी रैगिंग स्क्वाड/ एंटी रैगिंग सेल के सदस्य, पटना दन्त महाविद्यालय एवं अस्पताल, बॉकीपुर, पटना को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि– सभी दन्त चिकित्सक शिक्षक, पटना दन्त महाविद्यालय एवं अस्पताल, बॉकीपुर, पटना को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि– सभी अध्ययनरत एम0डी0एस0/ बी0डी0एस0 /डेन्टल हाईजिनिस्ट / डेन्टल मैकेनिक्स कोर्स के छात्र–छात्रायें तथा सभी ईंटर्न्स, पटना दन्त महाविद्यालय एवं अस्पताल, पटना को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि– श्रीमती रीना कुमारी, फोटोग्राफर, पटना दन्त महाविद्यालय एवं अस्पताल, बॉकीपुर, पटना को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।**(आपको आदेश दिया जाता है कि सभी विभागों का फोटोग्राफी एवं विडियोग्राफी कर संबंधित विभागों एवं कार्यालय में ससमय उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें)**

प्रतिलिपि– सूचनापट्ट/ वेबसाईट।

Tay 10/8/24

प्राचार्य
पटना दन्त महाविद्यालय एवं अस्पताल
बॉकीपुर, पटना

10.08.24